ई–मेल द्वारा
अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की
फार्मेसी पाठ्यक्रम की संस्थाएँ।

पत्रॉकः प्राशिप/अनु0–06/नव0 2024–25/10746 लखनऊः दिनॉकः07/02/2025

विषयः **शैक्षिक सत्र 2024–25 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के उपरान्त नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन किये जाने विषयक।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के माध्यम से प्राप्त वार्षिक पद्यति के पाठ्यक्रम हेतु सत्र 2024–25 में ऑनलाइन काउन्सिलिंग के नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के प्राप्त विवरण डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम के (डाटा) के आधार पर प्राविधिक शिक्षा परिषद द्वारा सत्र 2024–25 हेतु परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर उपलब्ध संस्था लॉगिन पर **नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं के नामांकन की प्रकिया हेतु अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए लिंक दिनांक 12/02/2025 से 13/02/2025 की मध्यरात्रि 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा।**

अतः प्राथमिकता के आधार पर छात्र/छात्राओं के नामांकन की कार्यवाही समयान्तर्गत करना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात किसी भी दशा में नामांकन हेतु पोर्टल नही खोला जायेगा। यहॉ यह भी अवगत कराना है कि यदि कोई भी छात्र/छात्रा नामांकन फार्म भरने से वंचित रह जाता है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था प्रधानाचार्य का होगा।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0 सं0ः प्राशिप/अनु0–06/नव0 2024–25/10747-50 तद् दिनॉकः07/02/2025

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं के प्रधानाचार्य/निदेशक को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार समयान्तर्गत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं उक्त सूचना परिषद की वेबसाइट www.bteup.ac.in पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

Scanned with OKEN Scanner